न्यायालय जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर

अपील(सू.का.अ)संख्या 65/2026 बउनवानी हरिनन्द मीना बनाम तहसीलदार सवाईमाधोपुर
निवासी सूरवाल तहसील सवाईमाधोपुर

GCMS No-2026/ 147 **Appeal Number- 321804663118004**

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल जज	
20.5.2026	पत्रावली पेश हुयी। अपीलान्ट नियत दिनांक को उपस्थित नही हुआ। अपीलान्ट द्वारा सूचना चाहने बाबत ऑन लाईन पोर्टल के माध्यम से दिनांक 13.3.2026 को लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार सवाईमाधोपुर को अधिनियम की धारा 6(1) के तहत प्रार्थना पत्र प्रेषित कर *" पटवार हल्का सूरवाल के खाता संख्या नया 371 पुराना खाता संख्या 374 की भूमि का भगवती प्रसाद मीना के नाम खोले गये नामा0 से संबंधित सम्पूर्ण कार्यवाही सहित 8 बिन्दुओ की प्रमाणित प्रति "* तहसीलदार सवाईमाधोपुर से दिलाये जाने बाबत निवेदन किया था किन्तु संबंधित लोक सूचना अधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि में उसे चाही गयी सूचना उपलब्ध नही करवायी गयी है, जिसके कारण अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 की धारा 19(1) के तहत ऑन लाईन पोर्टल पर प्रथम अपील इस न्यायालय मे प्रेषित की गयी जो दर्ज रजिस्टर की जाकर सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार सवाईमाधोपुर को तत्काल सूचना उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार सवाईमाधोपुर की ओर से प्रस्तुत जवाब नोटिस कमांक/आरटीआई/प्र.अ./2026/56 दिनांक 12.5.2026 का अवलोकन करने पर पाया गया कि प्रार्थना पत्र दिनांक 13.3.2026 मे चाही गयी सूचना के संबंध मे अपीलान्ट को ऑनलाईन पोर्टल कमांक 3376013184 दिनांक 7.4.2026 के द्वारा नामा0 संख्या 374 की प्रमाणित प्रति भिजवायी जा चुकी है इसके अतिरिक्त पूर्व मे प्रस्तुत अपील भी इस निर्देश के साथ खरिज की जा चुकी है कि चाही सूचना राजस्व ग्रुप–6 विभाग राज0 सरकार की अधिसूचना दिनांक 30.5.2023 के तहत राजस्थान भू. राजस्व (भू.अ.) नियम,1957 के नियम 28 के अन्तर्गत राजस्व रिकार्ड से संबंधित हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की प्रकिया District Manual and Revenue Court Manual के तहत नकल का प्रावधान होने के कारण उक्त सूचना नकल आवेदन पत्र से प्राप्त करे। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का गहनता से अवलोकन व मनन करने के उपरान्त हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते है,कि अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 के तहत दिनांक 13.3.2026 को प्रेषित प्रार्थना पत्र मे चाही गयी सूचना नामा0 374 की प्रति अपीलान्ट को उपलब्ध करवायी जा चुकी है शेष बिन्दुओं की सूचना यथा गोदनामा, वसीयतनामा, पटवारी रिपोर्ट, वारिसान सजरा से संबंधित कोई दस्तावेज उक्त नामा0 के साथ संलग्न हो तो अपीलान्ट उपलब्ध करवाया जावे। उक्त निर्देश के साथ अपील अपीलान्ट का निस्तारण किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल अभिलेख की जावे। आज्ञा सुनायी गयी। (काना राम) जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर	

Scanned with OKEN Scanner